हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 मई 2024

तापमान
अधिकतम ??.? डिग्री
न्यूनतम ?.? डिग्री

11 ग्रामीणों को मतदान करने के लिए किया जागरूक


12 मेरिट वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित प्रतिभावान छात्रों के सम्मान में निकाली रैली


## सरकुलर रोड, ब्रास मार्केट व मुख्य बाजार सहित सेक्टर-18 की सड़कों की दयनीय हालत

# कागजों में हो रही सड़क सुरक्षा, शहर की सड़कों पर गड्ढे बने लोगों के लिए आफत






रेवाड़ी। ब्रास मार्केट की मुख्य सड़क पर गड्ढा, सरकुलर रोड पर ब्रह्मगढ़ के पाल डिवाईडर पर टूटा पड़ा पोल, सेक्टर-18 की खस्ताहाल सड़क, बाजार में सड़क बनाने की बजाय ऐसे किए गए पैचवर्क। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर की कई सड़कों की दयनीय हालत बनी हुई है। इन सड़कों पर गड्ढे लोगों के लिए आफत बने हुए है। लंबे समय से सड़कों का नव निर्माण नहीं किया जा रहा है। ब्रास मार्केट, मुख्य बाजार, सरकुलर रोड, सेक्टर-18 व सेक्टर-3 की सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। 2021 अग्रसेन चौक से मोती चौक होते हुए गोकल बाजार, रेलवे रोड व काठमंडी की सड़क के निवनिर्माण का शिलान्यास किया गया था, लेकिन दो साल 8 महीने बीतने के बाद भी नगर परिषद की ओर से अभी तक बाजार की खस्ताहाल हो चुकी सड़कों के नवनिर्माण नहीं किया गया है, जबकि कुछ दिन पहले बाजार में आधा-अधूरा पैचवर्क कर दिया गया है। इसके अलावा शहर के सरकुलर रोड व बावल रोड के डिवाईडर भी पूरी तरह ध्वस्त हो चुके है। इन डिवाईडरों पर टूटी स्ट्रीट लाइट के पोल तक नहीं हटाए जा रहे है।

### सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक में सिर्फ निर्देश

लोगों को सुविधा व सुगम सफर देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से प्रति माह सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें हर बार नगर परिषद, पीडब्ल्यूडी विभाग व एनएचएआई के अधिकारियों को सड़कों को दुरुस्त करते के साथ सड़क सुरक्षा संबंधी सुविधाओं को सभी निर्देश दिए जाते है, लेकिन यह निर्देश बैठक तक ही सीमित हो कर रह जाते है। विभागों की ओर से इन पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है।

### नहीं शुरू हो पा रही ट्रैफिक लाइटें

शहर में लंबे समय से चौराहों पर शोपीश बनी हुई ट्रैफिक लाइटें प्रशासन को मुंह चिढ़ा रही है। विभाग की ओर से इन ट्रैफिक लाइटों की सुध तक नहीं ली जा रही है। ट्रैफिक लाइटें लगने से अब तक काम तक नहीं आई है, जबकि इन पर लाखों रूपए खर्च किए गए थे। शहर के कई स्थानों से से ट्रैफिक लाइटें तक गायब है और जहां लगी हुई है वहां किसी के पोल जर्जर होकर टूट चुके है तो कहीं पोल पर लाइटें लटक रही है।

### महीनों से सड़क के टुकड़े का निर्माण नहीं

कृष्णा नगर के पास मिनी बाइपास की एक तरफा सड़क के करीब 150 मीटर हिस्से का निर्माण अतिक्रमण के कारण कार्य अटका हुआ है। नगर परिषद करीब 8 महीने बीतने के बाद भी न तो अतिक्रमण हटा पाई है और न ही बची हुई सड़क का निर्माण करा पाई है, जिससे मिनी बाइपास का एक तरफ मार्ग बंद पड़ा हुआ है। सड़क का अधूरा निर्माण नहीं होने से एक तरफा मार्ग लोगों का पार्किंग स्थल बन गया है।

### सरकुलर रोड भी जगह-जगह से ध्वस्त

शहर की लाइफ लाइन सरकुलर रोड पर भी जगह-जगह सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सरकुलर रोड पर 24 घंटे वाहनों का आवागमन रहता है। सरकुलर रोड की जर्जर सड़क से प्रशासनिक अधिकारी व मंत्री भी रोजाना गुजर जाते है, लेकिन गड्ढों से युक्त सरकुलर रोड को दुरुस्त करने के प्रति कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### ब्रास मार्केट पर नहीं कोई ध्यान

जिला प्रशासन का शहर के सबसे महंगे ब्रास मार्केट की सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं है। ब्रास मार्केट की सभी सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। इन सड़कों भी भारी-भरकम गड्ढे भी हो चुके है, लेकिन प्रशासन की ओर से मार्केट की सड़कों का न तो नव निर्माण किया जा रहा है और नहीं गड्ढों में पैचवर्क किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### भूड़ला में सोलर नलकूप की केबल चोरी

**बावल।** भूड़ला में चोर एक किसानों के खेत में लगे सोलर नलकूप की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सरतीज ने बताया कि उसने खेती करने के लिए सोलर सिस्टम पर आधारित नलकूप लगाया हुआ है, जिससे वह फसल सिंचाई का कार्य करता है। सुबह जब वह अपने खेत में गया तो नलकूप की केबल काटी हुई पाई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर 5 मई को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने झज्जर के निलोटी निवासी भीम को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद भोंडसी जेल भेजने के आदेश जारी हुए।

### बाप-बेटे के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**खोल।** मामड़िया ठेठर में परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने बाप-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में देवेंद्र ने आरोप लगाया कि उसका भाई सुशील और भतीजा मोहित उसके पास गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों ने उसके, उसकी पत्नी व पिता के साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी के पांच आरोपी काबू

**बावल।** मोहल्ला जटवाड़ा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने धनपति, दर्शन, सुधीर, दिनेश और उमेश को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर से अचानक लापता हुई युवती

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र की एक सोसायटी से करीब 23 वर्षीय युवती अचानक घर से लापता हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि 9 मई को उसकी बेटी घर पर अकेली थी। जब परिवार के सदस्य घर पर आए तो वह गायब मिली। उसके बाद उसने और उसके परिजनों ने रिश्तेदारियों तथा अन्य स्थानों पर तलाश की जा चुकी है, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** गुर्जर घटाल में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नूंह के एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में गुर्जर घटाल निवासी संदीप और ललित को गिरफ्तार किया गया है।

### मारपीट के आरोप में तीन पर केस

**धारूहेड़ा।** गुर्जर घटाल में अपने दोस्त से मिलने के लिए आए एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नूंह के मुरादबास निवासी नौमान ने पुलिस बयान में बताया कि वह अपने दोस्त सतीश से मिलने उसकी पार्किंग में आया था।

# बारहवीं में 21 व दसवीं में 20 विद्यार्थियों ने मेरिट पाई

■ परीक्षा परिणाम में माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इतिहास रचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

सीबीएसई दसवीं व बारहवी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम में माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इतिहास रचा है। कक्षा दसवीं की छात्रा वंशिका ने 95 प्रतिशत, खुशी ने 95 प्रतिशत, रिया ने 93 प्रतिशत तथा हेतल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर शानदार सफलता हासिल की। दसवीं कक्षा के 20 छात्रों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। कक्षा बारहवीं में कॉमर्स की छात्रा पायल सैनी ने 97.4 प्रतिशतअंक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। नॉन मेडिकल की छात्रा स्नेहा ने 93 प्रतिशत अंक और मेडिकल की छात्रा गुण ने 93 प्रतिशत अंक व लाजमी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर बाजी मारी। बारहवीं के 21 छात्रों ने मेरिट हासिल की। इस सफलता पर स्कूल के चेयरमैन प्रवीन गोयल, निदेशक प्रशांत गोयल व प्रधानाचार्य समर भारद्वाज ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को सम्मानित करके उनका मनोबल बढाया। इस कड़ी में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते स्वरांजलि स्कूल में आयोजित ताइक्वांडों प्रतियोगिता में हीरल, ऋषभ और हृदयांश ने स्वर्ण पदक, लव्यांश ने रजत पदक, नेहल तथा हर्षिता ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सतीश पब्लिक स्कूल में आयोजित योगा प्रतियोगिता में विद्यालय से ईशानी व च्यवन ने स्वर्ण पदक, रोहित व सनाया ने रजत पदक तथा दिव्यांशी व गिताली ने कांस्य पदक हासिल किया। माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में याशिका, सारिक, दीपेन्द्र त्रिशा, अर्शिता, पीयूष व सारस ने स्वर्ण पदक, आखिल, लक्ष्य, देवेष व कीर्ति ने रजत पदक तथा जयंत, पीयूष, देवांश, ह्दयांश, भूमि और रियांश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

# ट्रांसपोर्ट के ट्रक की बैट्री चोरी, दो पर केस दर्ज

■ पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

गढ़ी में एक ट्रांसपोर्ट के ट्रक की बैट्री चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में रणधीर ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। उसकी गाड़ी का चालक सोनू ट्रक को उसके घर के बाहर खड़ा करने के बाद चला गया था। सुबह जब वह उठा तो ट्रक की बैट्री गायब मिली। वह अपने स्तर पर बैट्री का पता लगाने का प्रयास करता रहा। इसके बाद उसके हाथ एक वायरल ऑडियो लगी, जिसमें उसके ट्रक की बैट्री चोरी करने का जिक्र किया गया है। छानबीन करने पर ऑडियो में आवाज गढ़ी अलावलपुर निवासी निपेश की मिली। उसने निपेश को उसके पिता के साथ बुलाकर पूछताछ की, तो उसने स्वीकार किया अपने नितेश के साथ मिलकर उसने ट्रक की बैट्री चोरी की थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

# मैं यहां का बाशिंदा, पंजाबी समाज मेरा कुनबा: राव इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/गुरुग्राम


रेवाड़ी। रेवाड़ी में पंजाबी भवन सम्मेलन में संबोधित करते गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह को गुरूग्राम के बाद रेवाड़ी में पंजाबी समाज का समर्थन मिला है। पुराने कोर्ट रोड पर स्थित पंजाबी भवन में समाज व सिख समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सरोपा व पगड़ी भेंट कर सम्मानित करते हुए एकजुट होकर उन्हें कामयाब करने का लोगों ने आश्वासन दिया साथ ही भवन बनाने के लिए सरकार की ओर से किए सहयोग के लिए उनका आभार भी जताया। इस मौके पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मैं यहां का बाशिंदा, पंजाबी समाज मेरा कुनबा पंजाबी समाज मेहनती है, उसी के बल पर आज उन्हें देशभर में अपनी खास पहचान बनाई हुई है। राव ने कहा कि सभी जानते हैं कि उन्होंने हमेशा जनता के हितों के बारे में सोचते हुए विकास कार्य कराए हैं। इस मौके पर पंजाबी नेता एडवोकेट सचिन मलिक, सिख समाज के किरणपाल सिंह, सरदार निक्का सिंह, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन श्याम चुघ पूर्व पार्षद मनीष चराया, सुनील ठकराल , रवि ठकराल ओमप्रकाश खुराना, नरेश बत्रा, विवेक ढींगरा, पीयूष अरोड़ा, पूनम सतीजा के अलावा पंजाबी समाज के भारी संख्या प्रबुद्ध लोग व महिलाएं उपस्थित थी।

## सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत

**रेवाड़ी।** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। महिला क्लर्क लगी हुई थी। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। राजस्थान के जीणी निवासी 20 वर्षीय आशीष गाड़ी चलाता था। वह गाड़ी की साइड में बैठा हुआ था, जबकि अजीत गाड़ी चला रहा था। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर धारूहेड़ा के समीप किसी वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। अजीत को भी हादसे में काफी चोटें आई हैं। उसे आसपास के लोगों ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। पीजीआई ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

गुरावड़ा के पास ट्रैक्टर की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। झज्जर के ढुजान की रहने वाली अंजू स्कूटी पर अपने गांव से रेवाड़ी की ओर आ रही थी। गुरावड़ा के पास एक ट्रैक्टर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वह क्लर्क लगी हुई थी तथा इस समय यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## विवेकियंस ने शत प्रतिशत परिणाम देकर रचा अविस्मरणीय इतिहास




रेवाड़ी। विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं व 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके शत-प्रतिशत परिणाम लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं से छात्रा जाहन्वी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, रेनू यादव गांव बालावास अहीर ने 93 प्रतिशत, तनवी गांव चांदावास ने 92.6 प्रतिशत, जया मयूर विहार ने 92.4 प्रतिशत व जसवंत गुलाबी बाग ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दसवीं में 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व 16 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। कक्षा 12वीं में मेडिकल स्ट्रीम में छात्र वंश गांव लाखनौर ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकित ने 91 प्रतिशत व प्रीत लाखनौर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। नॉन मेडिकल स्ट्रीम में तुषार गांव सहारनवास ने 91 प्रतिशत अंक व अमित ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्रा वनशिखा गांव हजारीवास ने कॉमर्स स्ट्रीम में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस शानदार उपलब्धि पर निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

**मौसम** आज से तापमान में और वृद्धि होने की संभावना, सप्ताहंत तक 44 डिग्री पार पहुंच सकता है पारा

# तापमान में फिर आने लगा उछाल, हीट वेव की ओर बढ़ने लगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। मंगलवार को भीषण गर्मी में बच्चे को स्कूल से ले जाती युवती।

तीन दिन तक मामूली राहत के बाद गर्मी के तेवर एक बार फिर से तल्ख होने शुरू हो गए हैं। हल्की बरसात के बाद उमस बढ़ गई है। तापमान में वृद्धि होने लगी है, जिससे लोगों को जल्द हीट वेव यानि लू के प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है। 15 मई के बाद पारा निरंतर बढ़कर 44 डिग्री के पार हो सकता है। लोगों को भारी गर्मी का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। बीते तीन दिनों से आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी के कारण तापमान गिर गया था। मंगलवार को आसमान साफ होने के बाद गर्मी का असर बढ़ने लगा। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 41.1 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। यह 23 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिन के समय तेज धूप के बाद गर्म हवाओं ने लोगों को जमकर परेशान किया। मौमस का असर सड़कों से लेकर बाजार तक देखने को मिला। दोपहर के बाद बाजार सुनसान हो जाते हैं, जबकि सड़कों पर वाहनों का आवागमन कम हो जाता है। दोपहर के समय लोग बाजार जाने से बचते हैं। सुबह और शाम के समय ही बाजार में लोगों की भीड़ दिखाई देती है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से तापमान में नियमित रूप से वृद्धि हो सकती है। इस सप्ताह के अंत तक तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके बाद लू का प्रकोप लोगों को जमकर परेशान कर सकता है। पश्चिम विक्षोभ का असर कम होने के कारण अब रात के तापमान में भी तेजी से वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। गर्मी अब लोगों की रातों की नींद भी हराम करने का काम करेगी।

### लू से बचने के लिए यह करें उपाय

लू के प्रकोप से बचने के लिए जितना संभव हो सके, धूप में निकलने से बचना चाहिए। लोगों को ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहलने चाहिएं, ताकि वह धूप को अवशोषित नहीं करें। अधिक से अधिक पानी पीएं। धूप में छाता लेकर घर से बाहर निकलें। अधिक से अधिक तरल पदार्थ का सेवन करें। शराब व कैफीन के इस्तेमाल से बचें। फास्ट फूड व तले हुए खाद्य पदार्थों की बजाय हरी सब्जियों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें।

### गर्मी के साथ बढ़ेगी बिजली की मांग

हल्की बरसात के बाद बिजली की खपत में 20 लाख यूनिट तक कमी आ गई थी। अब गर्मी के साथ बिजली की खपत बढ़ने लगी है। तापमान 43 डिग्री के पार पहुंचते ही जिले में बिजली की मांग 90 लाख यूनिट तक पहुंच सकती है। जल्द ही कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़ जाएगी। इसके बाद लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ेगा। अभी तक मांग और आपूर्ति में ज्याद अंतर नहीं होने के कारण पावर कटों से राहत मिली हुई है।

## छात्रा साक्षी ने नॉन मेडिकल में किया स्कूल टॉप

रेवाड़ी। सीबीएसई की ओर से घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय कोनसीवास की नॉन मेडिकल की छात्रा साक्षी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्रा ने केमिस्ट्री में 99 अंक प्राप्त किए है। मैट्रिक में भी छात्रा ने साइंस में 100 अंक लेकर 96 प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉप किया था। छात्रा ने जेईई मैन्स में भी पहले ही प्रयास में 89 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। छात्रा ने बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के स्कूल व स्वः अध्ययन से यह मुकाम हासिल किया है। इस कामयाबी में स्कूल शिक्षकों के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षक पिता मनोज कुमार, माता नीतू तथा दादी का काफी सहयोग रहा।


छात्रा साक्षी।



# किंग में दिखेगा शाहरुख खान का धाकड़ अवतार

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही इसकी कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। शाहरुख खान इन तस्वीरों में लंबी दाढ़ी के साथ खतरनाक नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बड़े बालों वाले शाहरुख खान ने काला चश्मा पहना हुआ है। इस लुक को देखकर फैन्स भी एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं। शाहरुख खान ने इसस पहले पठान और जवान में भी दमदार एक्शन दिखाया था। अब 1 बार फिर से शाहरुख खान पर्दे पर दमदार मार-धाड़ के साथ पेश होने वाले हैं।

## लाइफ Style

# मन्नारा

## पहली बारिश एंजॉय करती दिखीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं।

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, मन्नारा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल, मन्नारा ने मुंबई की पहली बारिश का एक वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। नेटीजंस ने उनके पोस्ट को वाहियात बताया और कहा कि जब वह वीडियो शूट करने में व्यस्त थीं तो तूफान के कारण लोगों की जान चली गई। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'जब शहर में लोग मर रहे हों तो नाचने का समय नहीं है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'इनको एहसास ही नहीं वह कितने के घर बिखर गए हैं'। एक और यूजर ने अफसोस जताया, 'लोग घायल हो रहे हैं और समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यहां क्या हो रहा है...'। बता दें कि मुंबई के घाटकोपर उपनगर में एक विशाल होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, जिसमें 80 से अधिक लोग फंस गए और उसके नीचे दसियों कारें और अन्य वाहन नष्ट हो गए।



## हॉलीवुड मसाला



# 'ड्यून प्रोफेसी' में दिखाएंगी जलवा

**लॉस एंजिलिस।** क्रू के बाद तब्बू एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। देश में अपनी अदाकारी का जादू चलाने वाली अभिनेत्री अब विदेश में अपने अभिनय का जलवा जल्द बिखेरती नजर आने वाली हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री टीवी सीरीज ड्यूनः प्रोफेसी में एक अहम किरदार में दिखेंगी। यह टीवी सीरीज मूल रूप से 2019 में 'ड्यूनः द सिस्टरहुड' शीर्षक के तहत शुरू की गई थी। यह ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास 'सिस्टरहुड ऑफ ड्यून' से प्रेरित है।



# कान में दिखेगी तब्बू-अजय की फिल्म की झलक...

**लॉस एंजिलिस।** प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल आज 14 मई से शुरू हो गए हैं। यहां भारतीय फिल्में और फिल्म निर्माता देश की प्रतिभाओं से रूबरू कराएंगे। कान फेस्टिवल का 77वां संस्करण 25 मई तक चलेगा। इसमें तब्बू और अजय देवगन की आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' की झलक दिखाई जाएगी। कान के भारत पवेलियन में फिल्म की झलक देखने को मिलेगी। अजय देवगन और तब्बू की रोमांटिक म्यूजिकल थ्रिलर फिल्म की स्नीक पीक कान में 17 मई को विशेष रूप से दिखाई जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। वहीं, इसका इसका संगीत ऑस्कर विजेता कंपोजर एम एम कीरवानी ने कंपोज किया है। यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# दीपिका ने मेहनत से पलट दी कायनात

**मुंबई।** टीवी स्टार दीपिका सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। दीपिका सिंह ने टीवी के कई सीरियल्स के किरदारों में जान फूंक कर शोहरत का ये खास मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए खूब मेहनत की है। बचपन में गरीबी की जिल्लत झेली और अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। आज दीपिका सिंह टीवी की दुनिया की स्टार बन गईं है। दीपिका सिंह ने बीते दिनों मुंबई में स्ट्रगलिंग दिनों की कहानी भी सुनाई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक बार उनकी ही दोस्त ने उन्हें आधी रात घर से बाहर निकाल दिया था। उन्होंने बताया था बचपन में पैसों की कमी के चलते काफी बुरे अनुभवों को झेला है। उनके पिता का बिजनेस काफी घाटे में चला गया था। इसके चलते अचानक पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझने लगा।



# अक्षय-आलिया को लेकर बनाएंगे फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर प्रियदर्शन क्लासिक कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने दे दना दन, हंगामा, हलचल, गरम मसाला जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की माने तो डायरेक्टर एक बार फिर अक्षय कुमार को लेकर एक जबरदस्त एंटरटेनर फिल्म बना रहा हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश जैसी एक्ट्रेसेज के नाम सामने आए हैं। इस फिल्म को लेकर अभी डायरेक्टर इन चारों एक्टर्स के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। बातचीत जारी है लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं। प्रियदर्शन अपनी आने वाली फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ इंडस्ट्री की बड़ी हीरोइन को एक साथ लाने का सपना देख रहे हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश का नाम शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# चिलचिलाती गर्मी में बेटियों संग पूल में उतरीं देबिना बनर्जी...

**नई दिल्ली।** टीवी की सीता माता देबिना बनर्जी अपनी दोनों बेटियों के साथ खूब मस्ती करती हैं। वो अक्सर उनके साथ फोटोज शेयर करके इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लेती हैं। एक बार फिर से देबिना ने गर्मी में पूल में मस्ती की है और बेटियों के साथ इसे और भी एक्साइटिंग बनाया है। टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली एक्ट्रेसेस में देबिना बनर्जी हैं। देबिना ने 'रामायण' में अपने को-एक्टर रहे गुरमीत चौधरी से शादी की है। बीते सालों में, इस जोड़ी ने कई कपल्स गोल्स दिए हैं। इनकी दो बेटियां हैं, जिनके साथ अक्सर देबिना मस्ती करती दिखती हैं। हाल ही में उन्होंने बेटियों के साथ पूल पार्टी भी की। जहां देबिना अपने पति और बेटियों के साथ बेहद खुश हैं, वहीं वह अपनी छोटी बच्चियों के साथ भी अच्छा समय बिता रही हैं। क्योंकि वे बड़ी हो रही हैं। वे बहुत प्यारी दिखती हैं और गर्मी को देखते हुए देबिना ने पूल के अंदर गोता लगाकर अपने बच्चों के साथ मस्ती की है। पूल के पानी के अंदर खेलते हुए दोनों खुश दिख रही हैं और उनकी तस्वीरें बहुत प्यारी हैं।

# आसमान छूना चाहते हैं 'बालवीर' फेम देव जोशी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का जाना पहचान चेहरा हैं देव जोशी। बच्चों के चहेते बालवीर यानी देव जोशी का चांद पर जाने का सपना भी



अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अब देव जोशी फिल्मों में नहीं, बल्कि असल में चांद की सैर करने वाले हैं। इसके लिए वह खास ट्रेनिंग भी लेने वाले हैं। बीते साल खद्दु देव जोशी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी थी। देव जोशी को जापान के यासुका मीजावा ने डियर मून मिशन के लिए चुना गया है। हफ्ते की इस ट्रिप के दौरान पूरे 10 लोग चांद की सैर करेंगे। देव ने बताया था कि वह अपने पायलट ट्रेनिंग शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और वह इसका बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# बॉलीवुड से 100 गुना बेहतर हैं कोरियाई फिल्में : नसीरुद्दीन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भारतीय सिनेमा में एक महान शख्सियत हैं। पिछले चार दशकों में, उन्होंने फिल्म, थिएटर और टेलीविजन पर अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन से छाप छोड़ी है। नसीरुद्दीन शाह शानदार अभिनय से साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार उनकी कही बातों पर विवाद भी खड़ा हो जाता है। हाल ही में उन्होंने हिंदी सिनेमा में बन रही फिल्मों पर खुलकर बात की। नसीरुद्दीन शाह का कहना है कि कोरियाई फिल्में बॉलीवुड की फिल्मों से 100 गुना बेहतर हैं। हम दुनिया में ढिंढोरा पीट रहे हैं कि हमारी फिल्में सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे बॉलीवुड की प्रेम कहानियां पसंद हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हॉलीवुड ही हमारा एकमात्र संदर्भ बिंदु है। जैसे भारतीय खाना खाया जाता है, हमारी फिल्में भी उसी तरह देखी जाती हैं। हालांकि, भारतीय खाने में



कम से कम कुछ स्वाद तो है। हिंदी बुलबुला एक दिन फूट जाएगा और मुझे अभी से इसके बारे में यकीन है। क्योंकि हिंदी फिल्मों में अब सार की कमी है, उन्हें नए पैंतरे अपनाने की जरूरत है। नसीरुद्दीन अपने बयान को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। अभिनेता की सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग हो रही है। एक यूजर ने लिखा, 'आपको कोरिया में ही बस जाना चाहिए।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह वही लोग हैं, जो देश में रहकर ही यहां की बुराई करते हैं।' एक और यूजर ने लिखा, 'आप भी अब से कोरियाई फिल्मों में ही काम किया कीजिए।' नसीरुद्दीन शाह ने अपनी बेजोड़ प्रतिभा और काम से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्हें आखिरी बार आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'कुट्टी' में देखा गया था। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में थे।

# वो बॉलीवुड एक्टर जिसके हुनर के आगे सब थे नतमस्तक!

**मुंबई।** 80 के दशक में बॉलीवुड पर सदाशिव अमरापुरकर का राज चलता था। बिना इनके निगेटिव रोल्स के फिल्म अधूरी मानी जाती थीं। फिर चाहे वो 'सड़क' में महारानी बनकर लोगों की रूह कंपा देना हो या फिर 'अर्ध सत्य' में रामा शेट्टी के किरदार में जान फूंक देना हो। 'सड़क' में तो सदाशिव ने ऐसी दमदार एक्टिंग की थी कि फिल्मफेयर को अलग से निगेटिव रोल कैटेगरी का ऐलान करना पड़ा और पहला अवॉर्ड सदाशिव को मिला था। साल 1948 में आज ही के दिन पैदा होने वाले सदाशिव के फिल्मों में निभाए किरदार अमिट हैं। उनकी यादें अमिट हैं। विलेन बनने के बाद वो कॉमिक रोल्स और सपोर्टिंग रोल्स में भी नजर आए, लेकिन उनकी आत्मा 'थिएटर' में बसती थी। उन्होंने खुद कहा था कि थिएटर उनकी सांसें हैं। और जब एक्टिंग से दूर होते थे तो समाज की भलाई में खुद को सौंप देते थे। एक बार उनके साथ लोगों ने बहुत बुरा बर्ताव किया था। सदाशिव लोगों की अच्छाई चाहते थे, लेकिन होली के हुड़दंगियों के सिर पर ऐसी खुमारी सवार थी कि उन्होंने एक्टर की पिटाई कर दी थी। बहुत ही शर्मनाक। पर सदाशिव ने इस घटना को दिल से नहीं लगाया और तमाम एनजीओ के जरिए जरूरतमंदों के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाते रहे। ऐसे ही थे सदाशिव अमरापुरकर।



सदाशिव अमरापुरकर का जन्म 11 मई 1948 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उनका असली नाम गणेश कुमार नारवोडे भी बताया जाता है। 1983 से 2013 तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करने वाले सदाशिव को 1991 में 'सड़क' फिल्म की महारानी बनकर पहचान मिली। उन्हें अपने करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और फिल्मफेयर ने पहली बार निगेटिव रोल कैटेगरी के लिए अवॉर्ड दिया था।

## तवायफों पर आधारित फिल्में और सीरीज

# इन अभिनेत्रियों ने निभाया था वेश्या का किरदार

***मुंबई।** बॉलीवुड में हर तरह की फिल्में बनती आई हैं, जिनमें तवायफों पर आधारित फिल्मों ने एक खास जगह लोगों के दिलों में बना रखी है। पाकीजा, उमराव जान, देवदास, गंगूबाई काठियावाड़ी और अब हीरामंडी भी तवायफों पर आधारित है। 1 मई को ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'हीरामंडी द डॉयमंड बाजार' में मनीषा कोइराला, अदीति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म पूरी तरह से तफायफों की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में मनीषा कोइराला ने मल्लिकाजान का किरदार निभाया है, जो सभी तफायफों की हैड होती हैं। इसके अलावा अदीति राव हैदरी ने मल्लिकाजान की बेटी बिब्बोजान का किरदार निभाया है। संजीदा शेख ने मल्लिकाजान की छोटी बहन फहीदा की भूमिका निभाई है। ऋचा ने लज्जो, शर्मिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस सीरीज में दो किरदार निभाए हैं। सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरदीन का किरदार निभाया है।*




### गंगूबाई काठियावाड़ी

भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' तवायफों पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का की तवायफ का किरदार निभाया था। आलिया भट्ट अभिनीत 'गंगूबाई काठियावाड़ी' गंगा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो नादानी में एक फिल्म स्टार बनने के लिए घर से भागती है, लेकिन वेश्यावृत्ति में मजबूर हो जाती है। वह वेश्यालयों में श्रम अधिकारों की शुरुआत करती है, और वेश्याओं को सप्ताह में एक बार छुट्टी देने की वकालत करती है। गंगूबाई आगे चलकर उस वेश्यालय की मालकिन और माफिया रानी बन जाती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर साबित हुई थी।




### पाकीजा

फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने एक तवायफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मीना कुमारी ने एक वैश्या साहिबजान का किरदार निभाया है।

### उमराव जान



1981 में रिलीज हुई फिल्म 'उमराव जान' में रेखा ने एक तवायफ का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इस फिल्म को मिर्जा हादी रुस्वा के लिखे गए उपन्यास उमराव जान अदा पर बनाया गया था। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने इस फिल्म में लखनऊ की एक तवायफ उमराव जान का किरदार निभाया था। जिसका बचपन का नाम आमरीन था लेकिन एक घटना के बाद वह कोठेवाली बनने पर मजबूर हो जाती है।

### देवदास



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में माधुरी दीक्षित तवायफ के किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म देवदास अपनी रिलीज के इतने सालों बाद भी लोगों को पसंद है। देवदास और पारो के बीच की इस प्रेम कहानी में तवायफ चंद्रमुखी का प्यार देखने लायक था। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने तवायफ का किरदार निभाया था।

## खबर संक्षेप



### एसएमसी अध्यक्ष ने स्कूल भेंट किए पंखे

**कुंड।** शहीद दशरथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीथड़ावास में एसएमसी अध्यक्ष अमृत कुमार ने विद्यालय को पंखे भेंट किए। गांव के सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाजसेवी तथा विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में उनकी टीम में राहुल, अंकित व राजकुमार ने सामाजिक सरोकार के तहत विद्यालय को पंखे किए। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य सुरेंद्र कुमार, मौलिक मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार तथा प्रवक्ता यशवंत राव ने कहा कि सभी को ऐसे लोगो से प्रेरणा लेकर समाज हित के कार्यों मे आगे आना चाहिए।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** पटौदी रोड पर गढ़वाल कॉलोनी में चोर एक मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। थाना सदर पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत मनीष कुमार ने बताया कि 13 मई को उसके परिवार के सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। पीछे से चोर गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए। जब उसके परिवार के सदस्य वापस आए तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर मकान के कमरे से 12 हजार रुपये, चांदी के जेवरात व सिक्के, एक मिक्सर ग्राइंडर व घर का अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### कुतुबपुर मोहल्ले में फायरिंग से दहशत

**रेवाड़ी।** मोहल्ला कुतुबपुर सोमवार की रात बाइक पर दो सशस्त्र बदमाश एक मकान के बाहर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इससे मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। कुतुबपुर निवासी शेखर ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह रात को अपने घर पर मौजूद थे। रात को करीब सवा 11 बजे उसके मकान के बाहर फायरिंग की आवाज सुनाई दी। वह मकान से बाहर निकला तो बाइक सवार दो युवक फायरिंग करने के बाद फरार हो गए।

### कंपनी सुपरवाइजर के साथ मारपीट

**धारूहेड़ा।** एक कंपनी सुपरवाइजर के साथ मारपीट करते हुए गाड़ी के शीशे तोड़ने के आरोप में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस बयान में हुंडई मोबिस कंपनी के सुपरवाइजर जीतपुरा निवासी ढिल्लूराम ने बताया कि उसे 12 मई को फोन पर दो बार धमकी दी गई। इसके बाद कंपनी के गेट पर आकर कुछ लोगों ने मारपीट करने का प्रयास किया। पुलिस को फोन करने के बाद आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। उसने आरोप लगाया कि भगत सिंह चौक निवासी नितिन ने अपने साथियों के साथ उसकी पिकअप गाड़ी रुकवाकर मारपीट करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए।

### क्रिप्टो ट्रेड के नाम पर पांच लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** गूगल रिव्यू और क्रिप्टो ट्रेड के नाम पर कंपनी बाग के एक युवक को 5 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में अंकित गुप्ता ने बताया कि उसे टेलीग्राम के एक ग्रुप में 11 मई को एड किया गया था। उसे गूगल पर रिव्यू के बदले पैसा देने की बात कही गई थी। उसे टास्क के बदले पैसा देने का लालच दिया गया। उसे 11 मई को पहले 150 रुपये खाते में दिए गए। इसके बाद दो बार में लगभग 14 हजार उसके खाते में आए। फिर उसे क्रिप्टो ट्रेड करने के लिए कहा गया। इसके तहत 71 हजार रुपये एक खाते में जमा कराए गए। बदले में उसके खाते में 71300 रुपये आ गए थे। अंकित ने बताया कि बाद में कई ट्रांजेकशन से वह 504700 रुपये विभिन्न खातों से ट्रांसफर कर गया, लेकिन उसे पैसा वापस नहीं मिला।

## मतदान के दिन केंद्रों की 100 मीटर परिधि में मोबाइल रहेंगे बैन

# सभी नाकों पर आने-जाने वाले वाहनों की लें तलाशीः डा. रेड्डी

रोहतक संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डा. एन प्रभाकर रेड्डी ने अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा






रेवाड़ी। नोडल अधिकारियों की बैठक लेते रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डा. एन प्रभाकर रेड्डी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डा. एन प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। सभी नाकों पर एक टीम निगरानी के लिए मौजूद रहे तथा आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जाए। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। सामान्य पर्यवेक्षक डा. रेड्डी मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला रिटनिंग अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा व एसपी शशांक कुमार सावन के साथ जिले की तीनों विधानसभाओं के सहायक रिटनिंग अधिकारियों तथा विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों के साथ 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। डीसी हुड्डा ने जिलेभर में चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की विस्तार से जानकारी साझा की व चुनाव पर्यवेक्षक की ओर से दिए गए निर्देशों की अनुपालना प्रभावी ढंग से करने के लिए आश्वस्त किया।

### जिले से गुजरने वाले सभी वाहनों की करें जांच

चुनाव पर्यवेक्षक डा. रेड्डी ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के कोसली विधानसभा क्षेत्र के बारे में भौगोलिक स्थिति के अलावा कुल मतदाताओं, मतदान केंद्रों, आवागमन सुविधाओं व विभिन्न टीमों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान धन व शराब की आवाजाही पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए तथा गत वर्ष की तुलना में शराब की बिक्री की भी निरंतर मॉनिटरिंग करें। पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य किया जाए। जिले की सीमा से गुजरने वाली प्रत्येक सड़क से गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग की जाए। डा. रेड्डी ने कहा कि भयमुक्त व पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन लेकर जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

### एसएसटी की टीम निरंतर करें निगरानी

■ चुनाव पर्यवेक्षक डा.रेड्डी ने फ्लाईंग स्क्वायड, स्टेटिक सर्विलेंस टीम यानि एसएसटी को निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार चुनाव प्रक्रिया तथा ईवीएम की कार्य प्रणाली की डेमो सहित ट्रेनिंग दी गई है, इसके लिए जिला प्रशासन की कार्यशैली प्रभावी है। उन्होंने कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता की पालना पूर्ण रूप से की जाए और सी-विजिल अथवा 1950 पर आने वाली शिकायतों अथवा समस्याओं का निराकरण निर्धारित अवधि में करें।

### पुलिस ने तैयार किया डिप्लॉयमेंट प्लानः एसपी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में डिस्ट्रिक्ट डिप्लॉयमेंट प्लान तैयार किया गया है। नियमित रूप से नाकों पर वाहनों की चैकिंग की जा रही है। साइबर सेल की ओर से सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों की निगरानी की जा रही है। जिले में कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण है। इस दौरान सहायक रिटनिंग अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्रों में किए गए प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी।

### माइक्रो आब्जर्वर की हुई पहली रैंडेमेनाइजेशन

रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डा. रेड्डी की ओर से लघु सचिवालय सभागार में वीसी के माध्यम से जुड़ी गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक डा. दिलराज कौर की मौजूदगी में माइक्रो आब्जर्वर की पहली रेंडेमेनाइजेशन हुई। डीसी ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी, बावल व कोसली विधानसभा क्षेत्र में स्थित संबंधित मतदान केंद्रों के लिए माइक्रो आब्जर्वर की पहली रेंडमाइजेशन की गई है। इस अवसर पर एडीसी एवं स्वीप की नोडल अधिकारी अनुपमा अंजलि, एसडीएम एवं एआरओ रेवाड़ी विकास यादव, एसडीएम एवं एआरओ बावल मनोज कुमार, एसडीएम एवं एआरओ कोसली उदय सिंह व सीटीएम लोकेश कुमार सहित अन्य नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता

■ वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी डाला जा सकता है वोट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग की ओर से निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। डीसी ने कहा कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी हुड्डा ने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग की ओर से निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर की ओर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड आदि शामिल हैं। डीसी ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट सीईओ. ईसीआई हरियाणा. जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपना वोट चैक कर सकते हैं।

### आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार की ओर से थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी उसके खाते में जोड़ा जाएगा। चुनाव प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक चुनाव प्रचार के लिए थोक में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटनिंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी।


रेवाड़ी। हनुमान मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### बिजली बोर्ड हनुमान मंदिर में जागरण आयोजित

**कोसली।** कोसली बिजली बोर्ड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार रात बिजली कर्मचारियों की ओर से हनुमान जी के जागरण का आयोजन किया गया। भजन गायक कलाकार गोविंद पुरिया ने अपने भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। गायक कलाकारों ने देर रात तक कार्यक्रम में समां बांधे रखा। मंगलवार प्रातः हवन व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कर्मचारी यूनियन के प्रधान जयप्रकाश ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# राधा कृष्ण मंदिर में हुई गुरुपूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। कार्यक्रम में भजन गाते हुए व उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

आर्ट ऑफ लिविंग जिला शाखा की ओर से संस्था के संस्थापक रविशंकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के मॉडल टाउन स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में गुरूपूजा व दिव्य सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें अवध में राम आए है, मेरी झोपडी के भाग खुल जाएंगे.. जैसे राम भजन और शिव भजनों सुनाए गए।

संस्था के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया और जीवन में साधना, सेवा और सत्संग को शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में निरंतर ध्यान का अभ्यास करना चाहिए, जिससे अवसाद से मुक्ति मिलती है और गहरा विश्राम प्राप्त होता है। अनिल ठकराल, पूनम भारद्वाज, अनुराधा शर्मा, गोपाल और चंद्रकांता के गाये भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। संस्था के सेक्रेटरी शक्ति नैनावत ने संस्था की ओर से चलाए जा रहे प्रोगाम एवं एक मुठ्ठी मुस्कान परियोजना में सेवा देने की अपील की।

इस मौके पर उर्मिला भारद्वाज, लालकिशन, विकास देव, नवीन कुमार, सुमन यादव, नरेश कालरा, अनील मखीजा, सुधीर, सजंय गेरा, सुषमा यादव व डा. कपील कत्याल सहित संस्था के अनेक सदस्य मौजूद थे।

# योगेश बने कांग्रेस एससी विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। नियुक्ति पत्र लेते हुए योगेश ।

गांव मीरपुर निवासी योगेश कुमार को कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एससी विभाग का रेवाड़ी ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया है। एससी विभाग के जिलाध्यक्ष हरचंद तुर्कियावास ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव की उपस्थिति में योगेश कुमार को पत्र सौंपा। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष योगेश कुमार ने जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सहित पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह व विधायक चिरंजीव राव का आभार व्यक्त किया। योगेश ने कहा कि पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दी है, उसका पूरी मेहनत और लगन के साथ निर्वहन किया जाएगा। योगेश कुमार की नियुक्ति पर यशपाल प्रधान व अमित पंडित सहित सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

■ क्रिश बने स्कूल टॉपर



रेवाड़ी। दसवीं का उत्कृष्ट रिजल्ट आने पर खुशी मनाते विद्यार्थी।


छात्र क्रिश कुमार।


छात्रा प्रियांशी।

होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के क्रिश कुमार ने सीबीएसई दसवीं के परीक्षा परिणाम में क्रिश कुमार ने 98.8 प्रतिशत अंक, कु. प्रियाशी ने 98.4 प्रतिशत, विधि वशिष्ठ ने 97.2 प्रतिशत, तान्या, यश कुमार व शौर्य रुस्तगी ने 97 प्रतिशत, युवराज ने 96.8 प्रतिशत, शिवम, नव्या शर्मा और शिवानी ने 96.4 प्रतिशत, अंशिका वत्स व मनुज यादव ने 96.2 प्रतिशत, भव्य बंसल ने 96 प्रतिशत, करिश्मा व आदित्य सिंह ने 95.6 प्रतिशत, हिमांशी कौशिक ने 95.4 प्रतिशत, आस्था शर्मर ने 95.2 प्रतिशत, योगिता ने 95 प्रतिशत, मोहित कुमार यादव व पूर्णिमा गोयल ने 94.8 प्रतिशत तथा जिया चौहान व माधव गोयल ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। क्रिश कुमार और विधि ने गणित में 100 अंक, नैन्सी ने साइंस में 100, क्रिश कुमार और प्रियांशी ने कम्पयूटर साइंस में 100, नव्या शर्मा, शिवानी, आदित्य सिंह, मनुज, तनिश भाटिया, लावन्या रुस्तगी, मनीषा देवरारी व हर्षिता ने पेंटिंग में 100 अंक प्राप्त किए। स्कूल के 22 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 50 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 107 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए सभी 219 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

सफल रहे विद्यार्थियों ने स्कूल में अभिभावकों और अध्यापकों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

निदेशक ने विद्यार्थियों से भविष्य में भी इसी तरह प्रदर्शन कर समाज और देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करने का आह्वान किया।



रेवाड़ी। परीक्षा परिणाम की खुशी मनाते विद्यार्थी।

### दसवीं में तनीषा व बारहवीं में नितेश बना स्कूल टॉपर

**नाहड़।** सीबीएसई दसवीं व बारहवीं कक्षा का गांव गुजरवास स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। प्राचार्य निहाल सिंह ने बताया कि दसवीं कक्षा की छात्रा तनीषा यादव नाहड़ ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। शौर्यन पूनिया ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा व कोमल ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिशा खुर्शीद नगर ने 93.6 प्रतिशत, वंशिका जुड्डी ने 93.6 प्रतिशत, साक्षी जुड्डी ने 93.2 प्रतिशत, हर्षित कोसली ने 92 प्रतिशत, दिव्यांशी यादव ने 91.4 प्रतिशत, साक्षी ने 91.4 प्रतिशत, कोमल ने 90.8 प्रतिशत, पेरुषी कंवाली ने 90.8 प्रतिशत, रोहित नाहड़ ने 90.6 प्रतिशत व महक गुर्जरवास ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के सभी छात्र सफल रहे। 20 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना स्थान दर्ज किया। छात्रा तनीषा नाहड़ ने सामाजिक विज्ञान व गणित में 99 तथा अंग्रेजी व साइंस विषय में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वंशीका जुड्डी ने गणित में 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 12वीं कक्षा में नितेश गामड़ी ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर साइंस संकाय में प्रथम स्थान अर्जित किया। छात्र नितेश यादव ने केमिस्ट्री में 97, गणित व फिजिक्स में 95 अंक अर्जित किए। 21 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

### मंदिर का दानपात्र तोड़कर की चोरी एक

**रेवाड़ी।** सोमवार की रात किशनगढ़ गांव के मंदिर से चोर दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने पड़ोस के एक मंदिर की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद उसके दूसरे साथी की तलाश शुरू कर दी।

गांव के मंदिर का दानपात्र टूटा हुआ मिलने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। इसी बीच ग्रामीणों ने अपने स्तर पर चोरों का पता लगाने के लिए पास के ही बाबा देशराज के मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। बालावास जमापुर निवासी प्रदीप व रसूली निवासी कपिल उस मंदिर में भी रात को चोरी करने का प्रयास करते हुए दिखाई दिए। मंगलवार सुबह बालावास, किशनगढ़ व रसूली गांवों की संयुक्त पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में कपिल को मौके पर बुलाया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर कपिल ने चोरी की वारदात पंचायत में कबूल कर ली। पंचायत ने थाना सदर पुलिस को मौके पर बुलाकर आरोपी कपिल को पुलिस के हवाले कर दिया।

## विद्यार्थियों ने स्लोगनों के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

# लोकतांत्रिक देश में एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत उसका मताधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड



रेवाड़ी। रैली निकालते पीथड़ावास स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

शहीद दशरथ सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीथड़ावास में मंगलवार को मतदाता जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत उसका मताधिकार है। हरियाणा राज्य भारत स्कॉउट एण्ड गाइड के प्रभारी विक्रम सिंह ने कहा कि हम अपने मताधिकार का उपयोग कर बेहतर सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मौलिक मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने बच्चों से मतदान के दिन अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वोट करने के बाद परिवार के साथ अंगुली पर लगी नीली स्याही के साथ ज्यादा से ज्यादा सेल्फी अपलोड करें। विद्यालय के स्टाफ सचिव कृष्ण कुमार ने मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर स्कॉउट व गाइड के बच्चों की ओर से पीथड़ावास व मैलावास गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान अमृत सिंह, रविन्द्र कुमार, राजेंद्र सिंह, यशवंतराव, बबरूभान, महीपाल, रविप्रकाश यादव, विक्रम सिंह जीव विज्ञान, दया शंकर, रवि कुमार, भूपेंद्र सिंह, रमेश यादव, सरिता यादव, स्नेहवती, अंजू यादव, ममता, अंजू, मीनाक्षी व लक्ष्मीबाई मौजूद थे।



रेवाड़ी। रैली निकालते राजकीय स्कूल सीहा के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### सीहा में निकाली रैली

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के विद्यार्थियों की ओर से मंगलवार को गांव में मतदाता जागरूकला रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से 25 मई के दिन बढ़-चढ़कर अपना वोट डालने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने आओ सब मतदान करें-मजबूत भारत का निर्माण करें तथा लोकतंत्र का सच्चा सार-वोट हमारा है अधिकार.. जैसे स्लोगनों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। स्कूल के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया व स्टाफ सचिव यशपाल आर्य ने विद्यार्थियों को

### सूचना

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री रामेश्वर दयाल निवासी मौजा झोलरी उपतहसील नाहड़ जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम नीलम देवी गलती से दर्ज चला आ रहा है। जबकि मेरी पत्नी के आधार कार्ड व सीनियर सैकण्डरी मार्कशीट में नाम नीलम दर्ज है। जो कि सही व दुरूस्त है। अब मैं अपने आर्मी रिकॉर्ड में अपन पत्नी का नाम नीलम देवी के स्थान पर नीलम करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में फरार पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने चोरी के मामले में चार साल से फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। राजस्थान के गढ़ी मेवात निवासी फनती के खिलाफ वर्ष 2018 में चोरी और झपटमारी का केस दर्ज किया गया था। कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण वर्ष 2020 में उसे पीओ घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर 11 मई को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में महेंद्रगढ़ के सेहलंग निवासी नरेंद्र को गिरफ्तार किया है। 10 मई को दर्ज किए गए मामले में महिला थाना पुलिस ने कटला बाजार निवासी वैभव को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में युवती गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** आकेड़ा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी युवती को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने 15 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच डीएसपी पवन कुमार ने की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव की एक युवती पूजा को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया।

### छह साल से चोरी का फरार पीओ गिरफ्तार

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने चोरी के मामले में चार साल से फरार चल रहे एक पीओ को गिरफ्तार किया है। राजस्थान के गढ़ी मेवात निवासी शमशेर के खिलाफ वर्ष 2018 में बोलेरो चोरी करके गाड़ी देने के नाम पर जबरन वसूली करने का केस दर्ज किया गया था। कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण वर्ष 2020 में उसे पीओ घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने बेल जंपर को किया गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कसौला थाना पुलिस ने एक बेल जंपर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गोविन्द निवासी गांव हसनपुर यूपी को अदालत की ओर से जमानत पर छोड़ा गया था और आगामी तारीख पेशी निश्चित करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए गए थे, किन्तु आरोपी निर्धारित की गई तारीख पर अदालत के सम्मुख पेश नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर आरोपी को जमानोत्तर अपराधीघोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत के सम्मुख पेश कर दिया है।

### नया गांव मोड़ से महिला लापता

**कोसली।** कोसली के नया गांव मोड़ पर रह रहे मध्यप्रदेश के कटनी जिला निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत नाहड़ पुलिस चौकी में दी है। पति ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि उसकी पत्नी रविवार को घर से कहीं चली गई है। अपने स्तर पर पत्नी की तलाश व प्रतीक्षा करने के बाद उसने नाहड़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

### कोसली क्षेत्र के गांव से छात्रा लापता

**नाहड़।** क्षेत्र के गांव के एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की शिकायत नाहड़ पुलिस चौकी में दर्ज कराई है। पिता ने बताया कि उनकी करीब पौने 18 वर्षीय बेटी सोमवार प्रातः 9 बजे घर से कॉलेज जाने की कह कर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। अपने स्तर पर उन्होंने बेटी की तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल पाया। पिता ने अज्ञात पर उसे ले जाने का संदेह जताया है।

---

### दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं को डायल 112 व अपराधों की जानकारी देकर किया जागरूक

# प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान हो ताकि वह अपने हक के लिए आवाज उठा सकें : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में दुर्गा शक्ति टीम की ओर से स्कूलों में विद्यार्थियों व कंपनियों में कर्मचारियों को महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न अपराधों की जानकारी व उनसे बचाव की जानकारी दी जा रही है। दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता व उनकी टीम ने मंगलवार को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव गुरावड़ा में छात्राओं, स्टॉफ व कर्मचारियों को डायल-112, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध व नशा के दुष्परिणामों से अवगत कराया। दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं को आम जीवन में होने वाले अपराधों से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें।


रेवाड़ी। छात्राओं को जानकारी देते हुए पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

#### यातायात के नियमों की भी दी जानकारी

पुलिस टीम की ओर से छात्राओं व स्टाफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सभी को पुलिस की दुर्गा शक्ति व डायल-112 एप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इन एप्स का प्रयोग करने के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने व विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, अपराधियों की पहचान व बचाव तथा उनके निवारण के बारे में जानकारी देकर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से करीब 300 छात्राओं व शिक्षकों को जागरूक किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल प्रहलाद सिंह ने पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की।

#### छेड़छाड व शोषण कानूनी अपराध

दुर्गा शक्ति इंचार्ज सुनीता ने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखते है, जिसमें महिला व लड़की से छेड़छाड़ व बच्चों का शोषण की घटनाएं सामने आती है। बच्चे छोटे होते है, जिनको ज्ञान नहीं होता कि छेड़छाड व शोषण कानूनी अपराध है। पुलिस टीम ने कहा कि आज नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं, परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है, जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है, जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं। उन्होंने कहा कि अगर आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

---


रेवाड़ी। राजकीय स्कूल में वॉटर कूलर स्थापित करते सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## खिजूरी के गवर्नमेंट स्कूल में वॉटर कूलर लगवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा ने ब्राह्मण समाज के सहयोग से गांव खिजूरी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में वाटर कूलर लगवाया है। इस अवसर पर स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुनील शांडिल्य व प्रदेश अध्यक्ष पं. अनुकूल शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के उद्देश्यों और संगठन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय संगठन है, जो देश के 20 से भी ज्यादा प्रांतों में कार्य कर रहा है और हरियाणा में 12 जिलों में सक्रिय है। गांव खिजूरी के सरपंच राजीव ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर अभिवादन किया। वॉटर कूलर लगाने में रविंद्र कौशिक जिला अध्यक्ष, ललित वशिष्ठ फरीदाबाद जिला अध्यक्ष, मुकेश, ललित, अशोक प्रदेश प्रभारी, एस एन शर्मा, रविकांत, प्रदेश संयोजिका विजया गौड़, सुरेश, बलवन्त, संतलाल, नितेश वशिष्ठ, मनोज कौशिक, राजेश शर्माव राजीव कौशिक का सहयोग रहा।

---

## फैशन शो में अनिता श्यामनगर व कविता गायन में मनीषा कोसली बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के नठेड़ा रोड स्थित इंडस वैली प्ले स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी निर्मला, सीए समता यादव व बिमला देवी ने किया। कार्यक्रम में फैशन शो, कविता गायन, नृत्य व खेल प्रतियोगिता में मातृशक्ति ने भाग लिया। फैशन शो में अनिता श्यामनगर ने प्रथम, मेरू भाकली 2 ने द्वितीय व पूजा नेहरुगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता गायन में मनीषा कोसली ने प्रथम, सुमन कान्हड़वास ने द्वितीय व एकता टूमना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मां-बच्चे के युगल नृत्य में आन्या-दीपका गुप्ता कोसली ने प्रथम, जानवी-निधि शर्मा भाकली 2 ने द्वितीय व शौर्य-संगीता यादव सादतनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता में डा. नीलम यादव कोसली, अंजू यादव कृष्णानगर व निकिता यादव श्यामनगर विजेता रही। इस अवसर पर मुख्यातिथि निर्मला ने कहा कि सभी रिश्ते जन्म के बाद बनते है, मगर मां का रिश्ता बच्चे के जन्म से 9 महीने पहले शुरू होता है। बच्चे के जीवन में मां की अहम भूमिका होती है। हमारी माता वीरांगनाओं से भारतीय इतिहास भरा पड़ा है। सभी माताएं अपने बच्चों को उचित पालन पोषण करते हुए उनका सर्वांगीण विकास करें। मुख्यातिथि व स्कूल निदेशक अनिल किशोर कुमार ने विजेता माताओं को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कोर्डिनेटर रीतू, ममता, नीरज, मुस्कान व पिंकी सहित सभी शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।


रेवाड़ी। मातृशक्ति को सम्मानित करती मुख्य अतिथि व विद्यालय निदेशक। फोटो :हरिभूमि

---

## हुड्डा परिवार को हार का अंदेशा, जनता के सामने झूठे आंकड़े कर रहे हैं पेश: अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के बहकावे में आने वाले नहीं है और कांग्रेस सत्ता हथियाना के लिए झूठ बोलने का काम कर रही है, लेकिन अब प्रदेश की जनता समझदार है और वह यह जानती है कि कौन उसका भला कर सकता है और कौन नहीं। सांसद ने कहा कि रोहतक लोकसभा सीट पर हुड्डा परिवार को पहले ही हार का अंदेशा हो गया है, जिसके चलते वह झूठ पर झूठ बोलने में लगे हुए हैं। सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की बड़ी ताकत बनकर उभरा है, सरकार ने किसानों, गरीब मजदूरों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, युवाओं की समस्याओं का निदान करने के लिए योजनाएं बनाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है और कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव में पहले ही हार के डर से हिम्मत हार चुके है।

मंगलवार को भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के साथ शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा देश व प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। भाजपा की सरकार ने न केवल केएमपी के आधे अधूरे कार्य को पूरा करवाया बल्कि 152 डी का निर्माण करवा कर यातायात को सुगम बना दिया है।


रोहतक। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान लोकसभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा।

---

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड न्यू पुलिस लाइंस स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। कक्षा दसवीं के छात्र रोहित ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, परिवर्तन ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और मुस्कान ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह दहिया ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


रोहित


परिवर्तन


मुस्कान

---

## मेरिट वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित, प्रतिभावान छात्रों के सम्मान में निकाली रैली

- परिणाम शत प्रतिशत रहने पर मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

मंगलवार को क्षेत्र के कई स्कूलों में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रावमा विद्यालय बूढ़पुर में बोर्ड परीक्षा में दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत की सरपंच मोनिका यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान वेदप्रकाश व अभिभावक गण व स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। सरपंच व एसएमसी प्रधान ने प्रधानाचार्य, स्टाफ व विद्याथियों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। प्रधानाचार्य पूनम कुमारी ने सभी का आभार प्रकट किया।



रेवाड़ी। रतनथल स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए तथा बूढ़पुर स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सुभाष, पूर्व सरपंच धर्मपाल, ब्लॉक समिति सदस्य राजेश कुमार, गिरवर, प्रेम सिंह, राजकुमार, रामवीर सेवानिवृत्त थानेदार, रामवीर गाहड़, दौलत सिंह, डा. चेतन, कन्हैया पंच, विजय पूर्व पंच, विद्यालय के प्रवक्ता किरणपाल, दिनेश शर्मा, संजय ,महेंद्र सिंह ,चंद्रशेखर, अजीत सिंह, बलराम, अश्विनी कुमार, सोहनलाल, विपिन, अमित कुमार, राजेंद्र, दीपक, सुभाष नरेश, सतपाल, नीरू, रुचि, पूजा व सीमा सहित विद्यालय स्टाफ व गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

#### आरोही 94.4 प्रतिशत अंक लेकर बनी टॉपर

कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। प्राचार्या अनिता मेहरा ने बताया कि कक्षा दसवीं में आरोही ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, साइना ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व योगेश ने 88.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय में हर्षिता ने 91 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, ध्रुव ने 87.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व कैटरीना ने 84.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय में साहिल ने 82 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, रूपांश ने 79.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व हर्षित ने 74 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या मेहरा ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी।

#### विद्यालय के 19 छात्रों ने मेरिट में पाया स्थान

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल में मंगलवार को कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सबसे पहले प्रतिभावान छात्रों के सम्मान में एक रैली निकाली गई। उसके बाद एसएमसी और ग्राम वासियों ने सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। कुमारी एकता ने कक्षा दसवीं में 493 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम, कुमारी ज्योति ने 492 अंक प्राप्त करके द्वितीय व कुमारी प्रिया ने 490 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के 19 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा 19 छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। कक्षा दसवीं में कुमारी ज्योति ने गणित में 100 में से 100 अंक, कुमारी एकता व प्रिया ने सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक, विज्ञान में कुमारी खुशी ने 100 में से 100 अंक व फिजिकल एजुकेशन में कुमारी प्रिया ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं के विज्ञान विषय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 13 छात्रों में से 3 छात्र मेरिट में तथा 10 छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। 9 छात्रों में से चार छात्रों ने मेरिट तथा 5 छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। शिक्षाविद एवं साहित्यकार मुकुट अग्रवाल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें निरंतर मेहनत करनी चाहिए और अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। विद्यालय प्राचार्य डा. सतबीर इंदौरा ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हमारा मुख्य लक्ष्य है। विद्यालय की टीम बड़ी मेहनत के साथ शिक्षण कार्य करा रही है। उसी का ही परिणाम है कि इस विद्यालय के छात्रों ने इतने अधिक अंक लेकर मेरिट सूची में स्थान पाया है।

---

**चिकित्सा** | मातृका अस्पताल की ओर से एक अन्य नवजात शिशु को भी नई जिंदगी दी गई है

## दो अस्पतालों के प्रयासों से मिला बेबी ऑफ प्रियंका को नया जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के बावल रोड स्थित मातृका अस्पताल को बेबी ऑफ प्रियंका को जीवनदान देने पर गर्व है। अस्पताल में शिशु को जन्म लेते ही अपने जीवन से जूझना पड़ा। अस्पताल के एक्सपर्ट मेडिकल केयर और अटूट समर्पण के स्पोर्ट से अपने जीवन के शुरूआती दिनों में महत्वपूर्ण चुनौतियों पर काबू पाया। अस्पताल में जन्मे प्रियंका के बेबी को जन्म के तुरंत बाद सांस लेने में काफी दिक्कत हुई। नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन में शुरूआती देखभाल के बावजूद जन्म के 24 घंटों के अंदर बच्चे को न्यूमोथोरैक्स नामक सीरियस कॉम्प्लीकेशन डेवलप हो गया। इस कंडीशन में फेफड़ों से छाती गुहा में हवा का रिसाव होता है। डॉ. रविंदर और अस्पताल की मेडिकल टीम को इस कॉम्प्लिकेशन का समय पर पता लगाने से तुरंत ट्रीटमेंट शुरू हो सका। बेबी को तुरंत इंट्यूबेट किया गया और मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रखा गया। चेस्ट कैविटी की हवा को बाहर निकालने के लिए एक विशेष ट्यूब डाली गई, जिससे न्यूमोथोरैक्स को प्रभावी ढंग से मैनेज किया गया। डॉ. रविंदर ने बताया कि बेबी का शुरूआती रिस्पांस पॉजिटिव था, लेकिन उसकी की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती गई, जिससे हाई-फ्रीक्वेंसी वेंटिलेटर के उपयोग की आवश्यकता पड़ी। स्पेशलाइज्ड केयर की आवश्यकता को पहचानते हुए बच्चे को गुरुग्राम के मदरहुड अस्पताल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया, जहां एडवांस फैसिलिटी और एक्सपर्ट मौजूद थे। आधी रात के समय बेबी को गुरुग्राम के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति के कारण उसे तुरंत हाई-फ्रीक्वेंसी वेंटिलेटर पर रखा गया। उसकी बीमारी की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल की डेडिकेटेड मेडिकल टीम ने चौबीस घंटे केयर और स्पोर्ट प्रदान किया। गुरुग्राम अस्पताल की नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. शैली गुप्ता ने बताया कि चार दिनों के इंटेंसिव ट्रीटमेंट के बाद बेबी की कंडीशन में इंप्रूवमेंट के साइन नजर आने लगे। यह सब हमारी टीम के प्रयासों और बेबी की इम्युनिटी का प्रमाण था। शानदार रिकवरी के बाद बेबी को वेंटिलेटर से हटा दिया गया और दस दिन की उम्र में स्टेबल कंडीशन में अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। वर्तमान में दो महीने की उम्र में बेबी की कंडीशन बिल्कुल सही है और वह लगातार प्रगति कर रहा है। मातृका अस्पताल की ओर से एक अन्य नवजात शिशु को भी नई जिंदगी दी गई है। नई जिंदगी देने पर बच्चे के पिता गांव प्राणपुरा निवासी कुलदीप मेहरा व माता निशा तथा गांव टूमना निवासी पिता नरबीर सिंह व माता प्रियंका ने मातृका अस्पताल व मदरहुड अस्पताल के डॉक्टरों व टीम का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है।


रेवाड़ी। नवजात शिशु को जीवनदान देने वाली टीम। फोटो :हरिभूमि

---

## गर्ल्स स्कूल में एनईपी-2020 पर जागरूकता कार्यक्रम कल

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित होने पर छात्रों में खुशी की लहर है। महाविद्यालयों में प्रवेश का उत्साह देखने को मिल रहा है। कालाका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि नए सत्र से आजीयू मीरपुर की ओर राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जा रही है। प्राचार्य की दूरदर्शी पहल व छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस सोच के साथ 16 मई को सुबह 11 बजे पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी के तत्वावधान में एनईपी-2020 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव होंगे। उन्होंने बताया कि छात्राओं को एनईपी-2020 के विभिन्न पहलुओं के विषय में विस्तार से जानकारी देने व महाविद्यालय में दाखिले के लिए समय रहते तैयार करने के उदेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्राएं लाभांवित हो व महाविद्यालय में प्रवेश के समय अपने विषयों का चयन समझदारी पूर्वक कर सकें।